दिनांकः 10.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में 1 लाख 70 हज़ार मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध–राज्य सरकार सभी ज़िलों में पारदर्शिता के साथ वितरण सुनिश्चित कर रही हैं
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान को देशवासियों की एकजुटता और राष्ट्र का गौरव बतायां
- वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए डॉग स्क्वायड की मदद लेने वाला रणथंभौर अभ्यारण्य प्रदेश का पहला रिज़र्व बनां
- भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में अगले तीन दिन तेज़ हवाएं चलने और बारिश का येलो अलर्ट

..................................................................................

राज्य सरकार केन्द्र से लगातार समन्वय कर प्रदेश की मांग की अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करवा रही हैं सभी जिलों में पारदर्शिता के साथ इसका वितरण किया जा रहा हैं कृषि और उद्यानिकी शासन सचिव राजन विशाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 70 हजार मीट्रीक टन यूरिया जिलों में उपलब्ध हैं इनमें सबसे ज्यादा 18 हजार 77 मीट्रीक टन यूरिया का भंडार श्रीगंगानगर में उपलब्ध हैं उन्होंने बताया कि कम स्टॉक वाले जिलों में अगले तीन–चार दिनों में यूरिया आपूर्ति के लिए कार्यवाही की जा चुकी हैं श्री विशाल ने बताया कि केन्द्र की ओर से यूरिया और डीएपी का राज्यों को महीने और कम्पनीवार आवंटन किया जाता हैं इसके हिसाब से राज्य सरकार जिलों की मांग के अनुसार आपूर्ति योजना तैयार कर वितरण सुनिश्चित करती हैं उन्होंने बताया कि खरीफ में अप्रेल से अगस्त महीने तक केन्द्र की ओर से आवंटित करीब 8 लाख 82 हजार मीट्रीक टन में से करीब 7 लाख मीट्रीक टन की आपूर्ति करवाई जा चुकी हैं

..................................................................................

राज्य सरकार ने कृषक उपहार योजना में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूर किया हैं अब इस योजना का लाभ उन किसानों को ही मिलेगा जो **ई–नाम पोर्टल** के माध्यम से बिक्री करते हुए **ई–पेमेंट** प्रणाली से भुगतान प्राप्त करते हैं इन्हीं किसानों को उपहार कूपन जारी किये जाएंगें ऐसा करने से किसान और व्यापारी तत्काल और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के लिए प्रेरित होंगें
गौरतलब है कि किसानों को पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए 'कृषक उपहार योजना' चलाई जा रही हैं इसमें हर छह महीने में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकालकर किसानों को पुरस्कृत किया जाएगां

..................................................................................

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि प्रदेश में नंदी से खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं श्री कुमावत कल पाली में प्रेस वार्ता में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों को अनुदान भी दिया जाएगां

..................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर घाटी में पहली मालगाड़ी पहुंचने पर खुशी जाहिर की हैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में वाणिज्य और संपर्क के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं उन्होंने कहा कि इससे प्रगति और समृद्धि को बढ़ावा मिलेगां कल पहली मालगाड़ी पंजाब से कश्मीर घाटी के अनंतनाग पहुंचीं रेल नेटवर्क से माल ढुलाई होने से कश्मीर घाटी में रहने वाले लोगों के लिए वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी और उनकी निर्बाध आपूर्ति हो सकेगीं

प्रधानमंत्री आज कर्नाटक के दौरे पर रहेंगें श्री मोदी बेंगलुरु में के.एस.आर. रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगें इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे जाने वाली ट्रेन शामिल हैं श्री मोदी का जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम हैं

..........................................................................................

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान को मिल रही अभूतपूर्व लोकप्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त की हैं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देशवासियों की एकजुटता और राष्ट्र गौरव को दर्शाता हैं उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह कियां

इधर, प्रदेश में भी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का सिलसिला जारी है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान से जोड़ा जा रहा हैं कोटा की छात्रा परीक्षिता ने कहा कि ये अभियान देशभक्ति को स्वरूप प्रदान करने का अवसर देता हैं

..........................................................................................

रणथंभौर अभ्यारण्य में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए डॉग स्क्वायड की मदद ली जाएगीं ये पहल करने वाला रणथंभौर प्रदेश का पहला रिजर्व बन गया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि बेल्जियन मेलीनोइस श्वानों की सहायता से शिकार की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा सकेगीं

..........................................................................................

उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने कल दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उसका पुत्र भरत यादव को इस मामले में पकड़ा गया हैं इन पर परीक्षा से पहले पेपर प्राप्त करने का आरोप हैं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि इन्हें कल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिए इन्हें तीन दिन की रिमांड पर भेजा गया हैं

..........................................................................................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली उपनिरीक्षक–प्लाटून कमांडर के 1 हजार 15 पदों की भर्ती के लिए आज से आवेदन किये जा सकते हैं आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आवेदन 8 सितम्बर तक किये जा सकेंगें उन्होंने बताया कि परीक्षा की तारीख आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगीं

..........................................................................................

जैसलमेर के रामदेवरा में चल रहे नेत्र कुंभ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग नेत्र रोगों की जांच और इलाज के लिए पहुंच रहे हैं नेत्र कुंभ में आंखों के अलावा अन्य रोगों के उपचार के लिए होम्योपैथी और आयुर्वेदिक विशेषज्ञ उपलब्ध हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि मरीज़ों उपचार निःशुल्क किया जा रहा हैं

..........................................................................................

साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाने वाला गोगामेड़ी मेला कल से हनुमानगढ़ में शुरू हुआं जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने झंडारोहण कर मेले का शुभारंभ कियां इस अवसर पर गोगाजी की समाधि पर चादर चढ़ा कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई

..........................................................................................

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हुआ हैं इससे कल करौली, अलवर, दौसा और जयपुर में बारिश हुई मौसम विभाग ने 12 अगस्त तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं हालांकि जोरदार बारिश का दौर 15 से 21 अगस्त के बीच रहने के आसार हैं पश्चिमी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में कमी का पूर्वानुमान हैं श्रीगंगानगर में कल दिनभर उमस का असर बना रहा और अधिकतम तामपान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गयां इस बीच, आज भरतपुर और करौली में रिमझिम बारिश का दौर जारी हैं इससे लोगों को उमस से राहत मिली हैं उधर, सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रुक–रुक कर आज भी जारी हैं

..........................................................................................